**NEWS CLIPPING: 07.11.2019**

**PUNJAB KESARI**

# 'अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध'

## शोध पत्र लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला

फरीदाबाद, 6 नवम्बर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शोध पत्र लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला विश्वविद्यालय के अनुसंधान और विकास अनुभाग द्वारा प्रोफेशनल इंजीनियर्स की एक संस्था इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी।

कार्यशाला में आईईटी इंडिया के प्रमुख प्रियांक तापड़िया और नॉलेज सर्विसेज के एशिया पैसिफिक के निदेशक एरिक ना मुख्य वक्ता रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों और शोध विद्यार्थियों ने लिया। कार्यशाला के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उपस्थित रहे और सत्र को संबोधित भी किया। कुलपति ने कहा कि अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय शोध संस्कृति प्रोत्साहित कर रहा है और इस दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान संवर्धन बोर्ड का गठन किया गया है और गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए शोधकर्ताओं को पुरस्कृत भी किया जाता है। कुलपति ने संकाय सदस्यों तथा शोधकर्ताओं को शोध की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं अनुसंधान कार्य के प्रति शोधकर्ताओं की उचित समझ बनाने के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यशाला आयोजन के प्रयासों की सराहना की। डीन (आरएंडडी) डॉ. अतुल मिश्रा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य शोधकर्ताओं के शोध कार्य में निपुणता लाना तथा उनकी क्षमता का विकास करना था ताकि वे अपने शोध कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने तथा शोध पर आधारित अपने शोध पत्र उच्चकोटि की शोध पत्रिताओं में प्रकाशित करवाने में में सक्षम बन सके।



*कार्यशाला के वक्ता एरिक ना को पौधा भेंट करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। (छाया: एस शर्मा)*


पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 07 November 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/45471487

**NEWS CLIPPING: 07.11.2019**

**PUNJAB KESARI.COM**

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शोध पत्र लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला विश्वविद्यालय के अनुसंधान और विकास अनुभाग द्वारा प्रोफेशनल



इंजीनियर्स की एक संस्था इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। कार्यशाला में आईईटी इंडिया के प्रमुख प्रियांक तापड़िया और नॉलेज सर्विसेज के एशिया पैसिफिक के निदेशक एरिक ना मुख्य वक्ता रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों और शोध विद्यार्थियों ने लिया। कार्यशाला के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उपस्थित रहे और सत्र को संबोधित भी किया।


पंजाब केसरी — www.PunjabKesari.com — Thu, 07 November 2019 mpaper.punjabkesari.com/c/4

**NEWS CLIPPING: 07.11.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# 'रिसर्च करने पर देते हैं खास ध्यान'

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में शोधपत्र लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला यूनिवर्सिटी के अनुसंधान व विकास अनुभाग की तरफ से प्रफेशनल इंजीनियर्स की संस्था इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलजी इंडिया के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यशाला में आईईटी इंडिया



के प्रमुख प्रियांक तपाड़िया व नॉलेजिज सर्विसेज एशिया पैसिफिक के निदेशक एरिक ने मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। इस कार्यशाला में सभी विभागों के स्टाफ व छात्रों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार उपस्थित रहे। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी शोध संस्कृति प्रोत्साहित कर रहा है और इस दिशा में निरंतर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**NEWS CLIPPING: 07.11.2019**

**AMAR UJALA**

# 'अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय निरंतर प्रतिबद्ध'

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद ने बुधवार को शोध पत्र लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला विश्वविद्यालय के अनुसंधान और विकास अनुभाग द्वारा प्रोफेशनल इंजीनियर्स की एक संस्था इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी।

कार्यशाला में आईईटी इंडिया के प्रमुख प्रियांक तापड़िया और नॉलेज सर्विसेज के एशिया पैसिफिक के निदेशक एरिक ना मुख्य वक्ता रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों और शोध विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय शोध संस्कृति को प्रोत्साहित कर रहा है। इस दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 07.11.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# एश्लान के छात्रों का वर्ष नहीं होने देंगे खराब : प्रो.दिनेश

**जासं, फरीदाबाद :** जेसी बोस वाईएमसीए युनिवर्सिटी के उपकुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि एश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2019-20 में दाखिल हुए छात्रों का साल खराब नही होने दिया जाएगा। उपकुलपति दिनेश कुमार ने यह आश्वासन बुधवार को उनसे मिले एश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कालेज के पीड़ित छात्रों के अभिभावकों को दिया। अभिभावकों के साथ हरियाणा अभिभावक एकता मंच के महासचिव कैलाश शर्मा, सरंक्षण सुभाष लांबा, जिला प्रधान शिव कुमार जोशी, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक कुमार व सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर भी थे।

वाईएमसीए युनिवर्सिटी के उपकुलपति दिनेश कुमार ने अभिभावकों को बताया कि एश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कालेज ने यूनिवर्सिटी द्वारा बार-बार पत्र एवं स्मरण पत्र लिखने के बावजूद जरुरी निरीक्षण नही करवाया। जिसके कारण यूनिवर्सिटी ने संबद्धता वापस लेने का फैसला लेने पर मजबूर होना पड़ा। यूनिवर्सिटी ने रजिस्ट्रेशन फीस तक जमा नही करवाई और न ही शैक्षणिक सत्र 2019-20 में दाखिल किए छात्रों का यूनिवर्सिटी में पंजीकरण करवाया। बता दें कि निरीक्षण न करवाने का जिम्मेदार ठहराकर वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने एश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कालेज से 17 अक्टूबर को संबद्धता वापस ले ली थी। जिसके कारण 480 छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है।

**NEWS CLIPPING: 07.11.2019**

**HINDUSTAN**

# शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला

**फरीदाबाद ।** वाईएमसीए में शोध पत्र लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका आयोजन अनुसंधान व विकास अनुभाग और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) इंडिया के संयुक्त प्रयास से किया गया था। इस मौके पर आईईटी के प्रमुख प्रियांक तापड़िया और नॉलेज सर्विसेज के एशिया पैसिफिक के निदेशक एरिक ना मुख्यवक्ता के रूप में मौजूद रहे।

इसमें संकाय सदस्य और शोध करने वाले विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान संवर्धन बोर्ड का गठन किया गया है। **(का.सं.)**

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 07.11.2019**

**DAINIK BHASKAR**

DB: 7-11-2019

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में शोध पत्र लेखन पर कार्यशाला आयोजित

**फरीदाबाद** | जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने शोधपत्र लेखन पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें आईईटी इंडिया के प्रमुख प्रियांक तापड़िया वक्ता के रूप में मौजूद थे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों और शोध विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय शोध संस्कृति प्रोत्साहित कर रहा है और इस दिशा में निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय में शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान संवर्धन बोर्ड का गठन किया गया है और गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए शोधकर्ताओं को पुरस्कृत भी किया जाता है। कुलपति ने संकाय सदस्यों तथा शोधकर्ताओं को शोध की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं अनुसंधान कार्य के प्रति शोधकर्ताओं की उचित समझ बनाने के लिए आवश्यक है। डॉ. अतुल मिश्रा ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य शोधकर्ताओं के शोध कार्य में निपुणता लाना तथा उनकी क्षमता का विकास करना था। जिससे वे अपने शोध कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने तथा शोध पर आधारित अपने शोध पत्र उच्चकोटि की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित कराने में सक्षम बन सके।